**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांक– 30 / 05 / 2022

प्रकाशनार्थ

## डीडीयूजीयू: नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे आज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में मंगलवार को नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे मनाया जाएगा। इस दिन विश्वविद्यालय कैंपस, प्रशासनिक भवन सहित अन्य स्थानों पर मोटराइज्ड वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा।

कुलपति प्रो. राजेश सिंह के मार्गदर्शन में प्रत्येक महीने के आखिरी कार्यदिवस को नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे के रूप में मनाया जाता है। जहां, कुलपति की अगुवाई में शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स रेंजर्स और एनएसएस वालंटियर्स कुलपति आवास से साईकिल चलाकर प्रशासनिक भवन आते हैं। विभागीय कार्यों को पूरा कर साईकिल से ही आवास दोबारा लौटते हैं। नॉन मोटराइज्ड व्हीकल डे में शामिल होने वाले विद्याार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने बाकायदा इन्वॉयरनमेंट क्लब का भी गठन किया है।

मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी